हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार 13 मई 2026

तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 25 .5 डिग्री

11 नंदरामपुर बास रोड पर अवैध रूप से खड़े हो रहे भारी वाहन, लोगों की परेशानी बढ़ी



12 किस-किस के सिर सजेगा जीत का ताज निकाय चुनावों के बाद परिणाम आएंगे आज






**हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड का परिणाम:** जिले में 8050 विद्यार्थियों ने दी 12वीं की परीक्षा, 7115 हुए पास, 722 की आई कंपार्टमेंट

# बारहवीं में छठे पायदान पर रेवाड़ी, विवेकानंद स्कूल चिल्हड़ की छात्रा दीपिका बनी स्टेट टॉपर

### स्कूल के डायरेक्टर दिनेश कुमार व वाइस प्रिसिंपल प्रमिला यादव ने छात्रा को घर जाकर बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी





रेवाड़ी। स्कूल संचालकों के साथ व अपने माता-पिता व परिवार के साथ दीपिका। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने मंगलवार को 12वीं कक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। जिले के चिल्हड़ गांव स्थित विवेकानंद विद्या विहार सीनियर सैकेंडरी स्कूल की छात्रा दीपिका ने 500 में से 499 अंक लेकर प्रदेश की टॉप किया है। हरियाणा बोर्ड के परीक्षा परिणाम में इस बार भी रेवाड़ी गत वर्ष की तरह प्रदेशभर में छठे स्थान पर काबिज हरा। जिले का पास प्रतिशत 88.39 रहा, जबकि गत वर्ष पास प्रतिशत 89.06 प्रतिशत था। इससे पहले वर्ष 2023 में रेवाड़ी जिला बोर्ड के परीक्षा परिणाम में 88.10 प्रतिशत के साथ प्रदेश में पहले पायदान पर आया था। हरियाणा बोर्ड के परीक्षा परिणाम में चरखी दादरी 91.08 प्रतिशत के साथ पहले, 91 प्रतिशत के साथ जींद दूसरे व पानीपत जिला 90.84 पास प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहा है। वहीं नूंह जिला 57 प्रतिशत के साथ सबसे फिस्ड्डी रहा। रेवाड़ी में इस बार 8050 विद्यार्थियों ने हरियाणा बोर्ड की परीक्षा दी थी, जिसमें से 7115 विद्यार्थी क्वालीफाई हुए है, जबकि 722 विद्यार्थियों की कंपार्टमेंट आई है तथा 213 विद्यार्थी परीक्षा में नॉन क्वालीफाई रहे है।

### गत वर्ष भी छठे पायदान पर था रेवाड़ी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में गत वर्ष जिला रेवाड़ी प्रदेश में 89.06 प्रतिशत के साथ छठें स्थान पर था। इस बार भी 88.39 प्रतिशत के साथ छठे स्थान पर काबिज रहा। 2024 में जिला 87.81 प्रतिशत के साथ दसवे पायदान पर आया था तथा 2023 में 88.10 प्रतिशत के साथ प्रदेश में पहले पायदान पर था।

### वेबसाइट पर देख सकते है परीक्षा परिणाम

डीईओ बिजेन्द्र हुड्डा ने बताया कि परीक्षार्थी अपना परीक्षा परिणाम आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। विद्यार्थी परीक्षा परिणाम संबंधित विद्यालयों में जाकर, बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट बीएसईएच.ओआरजी.इन या साइबर कैंफे पर जाकर देख सकते है। इसके अलावा स्कूल को भी अपनी यूजर आई व पासवर्ड डाकर रिजल्ट डाउनलोड करना होगा, अगर कोई विद्यालय अगर समय पर परिणाम प्राप्त नहीं करता है तो इसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। स्वयंपाठी परीक्षार्थी अपना रोल नंबर या नाम, पिता का नाम, माता का नाम व डेट ऑफ बर्थ भरते हुए परिणाम देख सकते हैं।

### सिविल सर्विसेज में जाना चाहती है दीपिका



मूलरूप से गांव जाट सायरवास निवासी दीपिका का प्रशासनिक सेवा में जाने का है। विवेकानंद विद्या विहार सीनियर सैकेंडरी स्कूल चिल्हड़ में कला संकाय की छात्रा दीपिका ने 12वीं कक्षा में 500 में से 499 अंक प्राप्त करके प्रदेशभर में टॉप किया है। दीपिका के पिता अशोक मेघवाल राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल ततारपुर इस्तमुरार में समाजशास्त्र विषय के प्राध्यापक है, जबकि मां सुजाता मेघवाल गृहणी है। दीपिका ने यह मुकाम दादा कैलाश चंद और दादी कमला देवी की प्रेरणा से हासिल किया है। दीपिका विवेकानंद स्कूल में कक्षा तीसरी से पढ़ाई कर रही है और छात्रा ने कक्षा दसवीं में 97.4 प्रतिशत अंक लेकर टॉप किया था। दीपिका का पंसदीदा विषय गणित है। दीपिका ने ज्योग्राफी में 100 में से 100, अंग्रेजी में 99, मैथ में 90, हिंदी में 100 और पॉलिटिकल साइंस में 100 अंक प्राप्त किए है। दीपिका ने बताया कि उन्होंने स्कूल में पढ़ाई करने के बाद घर पर आकर चार से पांच घंटे उसका रिवीजन करती थी। स्कूल में प्राध्यापकों की ओर से पढ़ाए जा रहे विषयों पर पूरा ध्यान देती थी, जिससे उनकों कामयाबी मिली। स्कूल के डायरेक्टर दिनेश कुमार यादव व वाइस प्रिसिंपल प्रमिला यादव ने छात्रा को घर जाकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि दीपिका शुरू से ही पढ़ने में होशियार रही है। दीपिका ने स्कूल, क्षेत्र व जिले का नाम रोशन कर दिया है। छात्रा की इस उपलब्धि ये स्कूल प्रबंधन को गर्व है।






# भगवान शिव की भूमिका निभाएंगे रणवीर...

**मुंबई।** रणवीर सिंह अपनी फिल्मों में एक बड़ा बदलाव करने जा रहे हैं। वह एक प्रसिद्ध लेखक की शिव त्रयी (मेलुहा के अमर श्रृंखला) पर बनी फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म में रणवीर भगवान शिव का किरदार निभाएंगे रणवीर ने अपनी प्रोडक्शन कंपनी मां कसम फिल्म्स के जरिए 'द इमॉर्टल्स ऑफ मेलुहा' के अधिकार खरीद लिए हैं। यह किताब और इसके दो सीक्वल प्राचीन मेलुहा राज्य में एक हिमालयी योद्धा की कहानी बताते हैं। रणवीर ने बिरला स्टूडियोज के साथ मिलकर इस कहानी को तीन बड़ी फिल्मों की श्रृंखला (त्रयी) के रूप में बनाने की योजना बनाई है। रणवीर काफी समय से इसकी कहानी को बड़े पर्दे पर लाना चाहते थे।

## लाइफ Style



# प्रियंका

## मीरा की फिल्म अमरी में आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रसिद्ध निर्देशक और निर्माता मीरा नायर अपनी नई फिल्म 'अमरी' लेकर आ रही हैं। यह फिल्म भारत की मशहूर पेंटर के जीवन और उनकी कला पर आधारित है। डॉक्यूमेंट्री फिल्मों से अपने निर्देशन कॅरियर की शुरुआत करने वाली मीरा नायर अब एक नई फिल्म लेकर आ रही हैं।

इस फिल्म का नाम है 'अमरी'। इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा और जयदीप अहलावत के अलावा भी कई कलाकाल महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। मीरा नायर की नई फिल्म 'अमरी' में मुख्य भूमिका में अंजलि शिवरामन अमृता शेर-गिल का किरदार निभाएंगी। एमिली वॉटसन उनकी मां मैरी-एंटोनेट का रोल करेंगी। जयदीप अहलावत उनके पिता उमराव सिंह शेर-गिल के किरदार में नजर आएंगे। क्रिस्टियन साकवारी विक्टर ईगन के रूप में नजर आएंगी। अंजना वासन इंदिरा शेर-गिल के रूप में और जिम सरभ कार्ल खंडालावाला के रूप में नजर आएंगे। इन सभी के अलावा प्रियंका चोपड़ा मैडम अजूरी के रोल में नजर आएंगी। प्रियंका चोपड़ा इस फिल्म की एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर भी हैं। मंगलवार को मीरा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी नई फिल्म 'अमरी' का पहला लुक जारी किया है। अमृता शेर-गिल की कला ने मीरा नायर को बहुत प्रभावित किया है। एएनआई के अनुसार मीरा ने कहा, ''अमरी' अमृता शेर-गिल की कला से प्रेरित है। उन्होंने यूरोप में अच्छी ट्रेनिंग ली और फिर भारत की आत्मा को अपनी पेंटिंग में उतारा। उनके रंगों की हिम्मत और आम लोगों को चित्रित करने का तरीका मुझे हमेशा प्रभावित करता रहा है।'

## हॉलीवुड मसाला



# वन लाइफ... से मिली पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** 'वन लाइफ टू लिव' और 'हाउ टू सरवाइव अ मैरिज' जैसी फिल्मों के लिए प्रसिद्ध अभिनेत्री जेनिफर हरमन का निधन हो गया है। जेनिफर ने 82 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कहा। जेनिफर हरमन लोकप्रिय टीवी शो 'वन लाइफ टू लिव' में 'कैथी' का किरदार निभाने के लिए जानी जाती थीं। वह इस भूमिका को निभाने वाली पांचवीं अभिनेत्री थीं। उन्होंने 1976 से 1978 तक यह रोल किया और इसके लिए डे-टाइम एमी अवॉर्ड के लिए नामांकन भी मिला था। इससे पहले उन्होंने 1974-75 में एनबीसी के शो 'हाउ टू सरवाइव ए मैरिज' में मुख्य भूमिका में नजर आई थीं।



# ब्रिटनी को हुई एक दिन की जेल, कबूला जुर्म

**लॉस एंजिल्स।** प्रिंसेस ऑफ पॉप कही जाने वाली अमेरिकन सिंगर-परफॉर्मर ब्रिटनी स्पीयर्स एक कानूनी पचड़े में फंस गई हैं। ब्रिटनी ने साउथ कैलिफोर्निया में शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामले से जुड़े कम गंभीर आरोप में अपना जुर्म कबूल कर लिया। इसके बाद सिंगर को 12 महीने का प्रोबेशन और एक दिन के जेल की सजा सुनाई गई है।ब्रिटनी स्पीयर्स ने अपने वकील माइकल ए गोल्डस्टीन के जरिए वेंचुरा काउंटी सुपीरियर कोर्ट में अपना जुर्म कबूल किया। स्पीयर्स सुनवाई में मौजूद नहीं थीं, उनके वकील ने उनका प्रतिनिधित्व किया। इसके बाद वेंचुरा काउंटी कमिश्नर मैथ्यू नेमरसन ने ब्रिटनी स्पीयर्स को 12 महीने का प्रोबेशन और एक दिन की जेल की सजा सुनाई। उन्हें जरूरी जुर्माना भरने, राज्य द्वारा निर्धारित तीन महीने के ड्राइविंग अंडर इन्फ्लुएंस एजुकेशन प्रोग्राम को पूरा करने का भी आदेश दिया।



# महाकालेश्वर पहुंचीं तमन्ना आरती में दिखीं लीन


**मुंबई।** अभिनेत्री तमन्ना भाटिया मंगलवार को महाकाल के दर्शन करने पहुंचीं। उन्होंने उज्जैन के महाकालेश्वर में भस्म आरती में भाग लिया और प्रार्थना की। इस दौरान तमन्ना पूरी तरह से महाकाल की भक्ति में लीन नजर आईं। दर्शन करने के बाद उन्होंने अपने अनुभव को भावपूर्ण और आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर बताया। उन्होंने कहा, 'इस स्थान पर तभी जाया जा सकता है, जब खुद महाकाल का बुलावा आता है। सभी के साथ बैठकर भस्म आरती देखने का मौका मिलना अपने आप में एक खास अनुभव है। यह एक ऐसा एहसास जिसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकती। यहां आकर मन को शांति मिलती है और अंदर सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होती है। यहां एक ऐसी ऊर्जा है, जिसे सबके साथ बैठकर महसूस करना वाकई आनंदित करता है। यहां आना मेरा सौभाग्य है।'



# वकील की भूमिका में होंगी सोनाक्षी...

**मुंबई।** अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा एक कोर्टरूम ड्रामा के साथ वापसी कर रही हैं। उनकी आगामी फिल्म 'सिस्टम' का ट्रेलर मंगलवार जारी कर दिया गया है। इस फिल्म में सोनाक्षी एक वकील की भूमिका में नजर आ रही हैं। फिल्म का ट्रेलर सत्ता, महत्वाकांक्षा और न्याय के टकराव की एक रोमांचक कानूनी लड़ाई की झलक दिखाता है। सिस्टम 22 मई से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी। 2 मिनट के इस ट्रेलर की शुरुआत सोनाक्षी के किरदार नेहा से होती है। नेहा एक दृढ़ निश्चयी युवा वकील है और अपने पिता की लॉ फर्म में पार्टनर बनने के लिए खुद को योग्य साबित करने की कोशिश कर रही है। इसके लिए पिता (आशुतोष गोवारिकर) उसे एक कठिन केस लेने की चुनौती देते हैं। अपनी लड़ाई को मजबूत करने के लिए, नेहा सारिका (ज्योतिका) को अपने साथ लाती है।

## टीवी मसाला




# खतरों के खिलाड़ी में स्टंट करने में मेरी हालत होगी खराब...

**नई दिल्ली।** टीवी पर हमेशा हंसते, दूसरों को सहज महसूस कराते और हर मुश्किल पल को मजाक में बदल देने वाले ऋत्विक धनजानी इस बार खुद डर के बीच फंसे नजर आएंगे। दरअसल, ऋत्विक 'खतरों के खिलाड़ी 15' में बतौर कंटेस्टेंट हिस्सा लेने जा रहे हैं। लेकिन, दिलचस्प बात ये है कि 'खतरों के खिलाड़ी 15' में जाने से पहले ऋत्विक किसी माचो इमेज में फिट होने की कोशिश नहीं कर रहे। हाल ही में उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर मैं डरूंगा, तो वो दिखेगा भी। ऋत्विक ने अपने गेम प्लान, डर, स्टंट और मेडिटेशन के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हें आज भी ऊंचाई से डर लगता है। उन्होंने कहा, 'हाइट्स हमेशा से मेरे लिए थोड़ा ट्रिगर रही हैं। मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो कैमरे के सामने ये दिखाएं कि मुझे किसी चीज से फर्क नहीं पड़ता। अगर डर है तो है। मैं उसे छिपाने वाला नहीं। मुझे लगता है लोग आज बहुत जल्दी नकली चीज पकड़ लेते हैं। इसलिए, मैं यहां कोई सुपरहीरो बनने नहीं आया हूं। मैं बस रियल रहना चाहता हूं। अगर किसी स्टंट में मेरी हालत खराब होगी, तो होगी। अगर मैं पैनिक करूंगा, तो वो भी दिखेगा।'जब उनसे पूछा गया कि क्या वो इस शो के जरिए अपनी कोई इमेज बदलना या तोड़ना चाहते हैं? इस पर एक्टर ने कहा, 'मैं कोई इमेज नहीं तोड़ना चाहता, क्योंकि सच कहूं तो मैंने कभी खुद को किसी इमेज में बांधा ही नहीं। लेकिन हां, लोग मुझे हमेशा हंसते हुए देखते हैं, मजाक करते हुए देखते हैं।

## अमीरों की चकाचौंध भरी जिंदगी में तांक-झांक!

**नई दिल्ली।** टेलीविजन की चर्चित जोड़ी करण कुंद्र और तेजस्वी प्रकाश काफी वक्त से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। इस चर्चित जोड़ी को फैंस खूब पसंद करते हैं। हाल ही में इन्हें 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' में देखा गया था। अब ये दोनों दुबई पहुंचे हैं। वे यहां बड़े-बड़े लोगों की जिंदगी से जुड़ी चीजों को करीब से देख रहे हैं। ऐसा वे अपने नए रियलिटी शो 'देसी ब्लिंग' के कारण कर रहे हैं, जिसका मंगलवार को ट्रेलर रिलीज हुआ है। 'देसी ब्लिंग' एक रियलिटी शो है, जो नेटफ्लिक्स पर आएगा। आज सोमवार को ओटीटी के दिग्गज प्लेटफॉर्म ने इसका ट्रेलर जारी किया है। इस शो में दरअसल, दुबई में रहने वाले अमीर भारतीयों को दिखाया जाएगा। उनकी लाइफस्टाइल, विचार और तौर-तरीके ट्रेलर के साथ ही इस शो की रिलीज डेट का भी पता चल गया है। इसका प्रीमियर 20 मई से नेटफ्लिक्स पर होगा। नेटफ्लिक्स ने ट्रेलर जारी करते हुए लिखा है, 'बुर्ज खलीफा जितने बड़े ड्रामा के लिए खुद को तैयार रखें।



# कान फिल्म फेस्टिवल में छाईं आलिया सामने आई पहली झलक ...

**लॉस एंजिल्स।** कान फिल्म फेस्टिवल का आगाज मंगलवार को ओपनिंग सेरेमनी के साथ हुआ। इस प्रतिष्ठित फिल्म समारोह में दुनियाभर की सिनेमा और फैशन जगत की चर्चित हस्तियां शामिल होती हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट भी यहां पहुंची हैं। कान फेस्टिवल से उनका एक लुक सामने आया है। आलिया भट्ट ने लाइट ग्रीन कलर का फ्लोरल कॉर्सेट कैरी किया है, जो व्हाइट बॉलगाउन स्कर्ट सरीखा लग रहा है। आलिया का यह लुक बेहद रिफ्रेशिंग और स्टाइलिश है। एक्ट्रेस ने ग्लोबल मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है। वे ग्लैमरस लुक में इतनी सहज और प्यारी लग रही हैं कि देखने वाले लोग तारीफें कर रहे हैं।आलिया ने व्हाइट बेस पर येलो, ग्रीन और ब्लू शेड वाले इस फ्लोरल लुक गाउन के साथ अपने हेयर स्टाइल को भी बेहद खास रखा है। उन्होंने हाईबन बनाया है। आलिया ने अपना लुक बेहद सिंपल रखा है। न उन्होंने गले में नेकलेस पहना है न कलाई पर कोई ब्रेसलेट या घड़ी। इसके बावजूद अपने दमदार अंदाज से उन्होंने लोगों का ध्यान खींचा है। आलिया भट्ट का कान फेस्टिवल का यह लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और नेटिजंस के रिएक्शन सामने आ रहे हैं। एक्ट्रेस को सकारात्मक रिएक्शंस मिल रहे हैं। यूजर्स उन्हें डिज्नी प्रिंसेस बुला रहे हैं।

### ये भारतीय स्टार्स आएंगे नजर

इस साल कान फिल्म फेस्टिवल में नजर आने वाले भारतीय सितारों में आलिया भट्ट और तारा सुतारिया के अलावा ऐश्वर्या राय बच्चन, अदिति राव हैदरी, मौनी रॉय और करण जौहर के भी इस फेस्टिवल में पहुंचने की संभावनाएं हैं। फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया को 65वें कान क्रिटिक्स वीक के जूरी का अध्यक्ष भी बनाया गया है।



# लकड़बग्घा-2 की होगी स्पेशल स्क्रीनिंग

**मुंबई।** अभिनेता और निर्देशक अंशुमन झा की फिल्म 'लकड़बग्घा 2 द मंकी बिजनेस' इस साल 79वें कान फिल्म फेस्टिवल के मार्चे दु फिल्म में स्पेशल स्क्रीनिंग के लिए तैयार है। फिल्म 'लकड़बग्घा 2' साल के आखिर में रिलीज से पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रिलीज होने की तैयारी कर रही है। फिल्म 'लकड़बग्घा 2 द मंकी बिजनेस' को 79वें कान फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जाएगी। 'लकड़बग्घा 2' भारत और इंडोनेशिया के बीच पहला आधिकारिक सह-निर्माण (को-प्रोडक्शन) है। इस फिल्म का निर्देशन अंशुमन झा ने किया है। फिल्म में सनी पैंग, डैन चुपोंग, आदिल हुसैन, सारा-जेन डायस और अंशुमन झा ने भी अभिनय किया है। अंशुमन झा ने बताया, 'पहली फिल्म कुत्तों के प्यार पर आधारित थी। दूसरी फिल्म 'द मंकी बिजनेस' इसे बढ़ाकर सभी जानवरों तक ले जाती है। जानवर इसलिए खत्म हो रहे हैं क्योंकि इंसानियत खत्म हो रही है। हम एक्शन को सिर्फ मार-पीट तक नहीं रखना चाहते, बल्कि इसमें गहराई और मकसद भी देना चाहते हैं।' अंशुमन झा की बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म 'लकड़बग्घा 2 द मंकी बिजनेस' दिवाली 2026 पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म, जो 2023 की फिल्म का सीक्वल है, दिवाली 2026 पर नितेश तिवारी की 'रामायण भाग 1' के साथ बॉक्स ऑफिस पर क्लैश होगा।



# बॉम्बे स्टोरीज भी होगी प्रदर्शित

*मुंबई। कान फिल्म फेस्टिवल में मौनी रॉय शिरकत करने के लिए तैयार हैं। उनकी इंडो-अमेरिकन फिल्म 'बॉम्बे स्टोरीज' को समारोह में प्रदर्शित किया जाएगा। शाह काजमी द्वारा निर्देशित यह फिल्म सआदत हसन मंटो के उपन्यास पर 'बॉम्बे स्टोरीज' पर आधारित है। निर्देशक काजमी ने इस साल मार्चे डू फिल्म में फिल्म की स्क्रीनिंग की पुष्टि की। उन्होंने कहा, 'इसे कान्स फिल्म मार्केट में प्रदर्शित किया जाएगा। 19 मई को कान्स से और ज्यादा जानकारी जारी की जाएगी। हम पोस्टर लॉन्च भी कर रहे हैं। यह एक सशक्त महिला-केंद्रित फिल्म है जिसमें एक संदेश है। यह भारतीय उपमहाद्वीप के महानतम लेखकों में से एक द्वारा लिखित एक संकलन पर आधारित है।'निर्देशक ने कहा, "मेरी यात्रा 2016 में कान्स से शुरू हुई। जब हम मंटो की विभाजन संबंधी कहानियों पर आधारित फिल्म 'मंटोस्तान' (2017) बना रहे थे, तब मुझे इस फिल्म समारोह के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी। सौभाग्य से, हमें कान्स में जगह मिली और इस मंच ने हमें काफी पहचान दिलाई है।" फिल्म में मौनी के अलावा, अनुप्रिया गोयनका और सुष्मिता सिंह भी अहम किरदार में हैं। इसकी कहानी शहर की सेक्स वर्करों की जिंदगी पर आधारित है।*

## दशकों से भारतीय फिल्मों, कलाकारों और मेकर्स ने बनाई है अपनी अलग पहचान

# कान फिल्म फेस्टिवल में भारत का जलवा, रेड कार्पेट से अवॉर्ड तक का शानदार सफर

*नई दिल्ली। दुनिया के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में गिने जाने वाले कान फिल्म फेस्टिवल में भारतीय सिनेमा का सफर बेहद खास रहा है। दशकों से भारतीय फिल्मों, कलाकारों और फिल्ममेकर्स ने कान फिल्म फेस्टिवल में अपनी अलग पहचान बनाई है। कभी फिल्मों ने यहां तालियां बटोरीं, तो कभी भारतीय सितारों का रेड कार्पेट लुक चर्चा में रहा।*

### नीचा नगर बनी पहली भारतीय फिल्म




भारत ने पहली बार साल 1946 में कान फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लिया था। नीचा नगर पहली भारतीय फिल्म थी, जिसने कान में बड़ी सफलता हासिल की। फिल्म को उस समय फेस्टिवल का सबसे बड़ा सम्मान पाम डी ओर (तब ग्रैंड प्रिक्स) मिला था। यह भारतीय सिनेमा के लिए गर्व का पल था।

### सत्यजीत रे ने बढ़ाया भारत का मान



इसके बाद धीरे-धीरे भारतीय फिल्मों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी मौजूदगी मजबूत करनी शुरू की। सत्यजीत रे की फिल्मों ने कान में भारत का नाम रोशन किया। उनकी कई फिल्मों को वहां सराहा गया और दुनियाभर के दर्शकों ने भारतीय कहानी कहने के अंदाज को पसंद किया।

### जब भारत को कंट्री ऑफ ऑनर चुना गया

साल 2022 भारत के लिए और भी खास रहा, जब भारत को कान फिल्म फेस्टिवल में कंट्री ऑफ ऑनर चुना गया। उसी साल दीपिका पादुकोण को जूरी सदस्य बनने का मौका मिला, जो भारतीय सिनेमा के लिए बड़ी उपलब्धि मानी गई।

### ऑल वी इमेजिन एज लाइट जैसी फिल्मों का शानदार प्रदर्शन

हाल के वर्षों में ऑल वी इमेजिन एज लाइट जैसी फिल्मों ने भी कान में शानदार प्रदर्शन किया और साबित किया कि भारतीय सिनेमा अब सिर्फ बॉलीवुड तक सीमित नहीं है, बल्कि उसकी कहानियां दुनियाभर के दर्शकों को प्रभावित कर रही हैं। आज कान फिल्म फेस्टिवल भारतीय सिनेमा के लिए सिर्फ एक मंच नहीं, बल्कि दुनिया के सामने अपनी कला, संस्कृति और कहानियों को दिखाने का सबसे बड़ा अवसर बन चुका है।

### सलाम बॉम्बे ने बटोरी तारीफें

साल 1988 में 'सलाम बॉम्बे' ने कान में खूब तारीफें बटोरीं और कैमरा डी'ऑर अवॉर्ड जीता। इस फिल्म ने भारतीय सिनेमा को नई पहचान दिलाई। वहीं , मीरा नायरभी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित हो गईं।



### भारतीय सितारों ने खींचा सबका ध्यान

कान फिल्म फेस्टिवल में सिर्फ फिल्में ही नहीं, भारतीय सितारों का फैशन और ग्लैमर भी हमेशा चर्चा में रहता है। ऐश्वर्या राय बच्चन, दीपिका पादुकोण, सोनम कपूर और प्रियंका चोपड़ा जैसे सितारों ने रेड कार्पेट पर अपने शानदार अंदाज से दुनियाभर का ध्यान खींचा।

## खबर संक्षेप

### चोरी के तीन आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर

रेवाड़ी। थाना सदर पुलिस ने चोरी के कई मामलों में लिप्त तीन आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने बीते दिनों गुरूग्राम के नानूकलां निवासी कर्मवीर को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। उसे चार अन्य मामलों की जांच में शामिल करने के लिए प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने जेल में बंद चले आ रहे यूपी के बघरा निवासी रिजवान और यूपी के ही हुसैनपुर निवासी नदीम को भी कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। इनके खिलाफ भी चोरी के कई मामले दर्ज हैं।

### फरार चल रहा पीओ चढ़ा पुलिस के हत्थे

रेवाड़ी। कोर्ट से पीओ घोषित होने के बाद काफी समय से फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में चल रहे मामले में पेश नहीं होने के कारण भाड़ावास निवासी चंद्रभान को पीओ घोषित कर दिया था। इसके बाद कोर्ट ने उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए थे। केस दर्ज होने के बाद भी आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लग रहा था। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### आए दिन लगता है जाम, ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही से फैली अव्यवस्था

# अवैध पार्किंग स्थल बना नंदरामपुर बास रोड, सांसत में लोगों की जान





रेवाड़ी। नंदरामपुर बास रोड पर सड़क किनारे खड़े भारी वाहन। इससे लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी का करना पड़ता है सामना। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

धारूहेड़ा के नंदरामपुर बास रोड पर पिछले कई दिनों से सड़क किनारे ओवर लोडिंग ट्रकों के खड़े रहने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। सड़क पर लंबी कतार में खड़े ट्रकों के कारण जाम की स्थिति बन रही है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े इन ट्रकों की वजह दुर्घटना का खतरा लगातार बना हुआ है। खासकर सुबह और शाम के समय स्कूल वाहनों, दुपहिया वाहन चालकों तथा ग्रामीणों को निकलने में परेशनी उठानी पड़ रही है।

गांव खरखड़ा निवासी प्रकाश यादव ने समस्या को लेकर ट्रैफिक पुलिस सहित अन्य विभागों को पत्र भेजकर समाधान करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि चालकों की ओर से ट्रक खड़े करके सड़क को पार्किंग स्थल की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने सड़क किनारे खड़े भारी वाहनों को हटाकर नियमित निगरानी करने तथा ट्रकों के लिए अलग पार्किंग व्यवस्था करने की मांग की है ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे और हादसों की संभावना कम हो सकें।

# विद्यार्थियों को संस्कारों से जोड़ना अत्यंत आवश्यक : नवीन

- शैक्षणिक भ्रमण में शामिल हुए तीसरी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थी बच्चों ने गोमाता को हरा चारा खिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने मंगलवार को अंसल टाउन स्थित गोक्रांति गोशाला का शैक्षणिक एवं संस्कारमय भ्रमण किया। इस अवसर पर मार्च व अप्रैल माह में जन्मे कक्षा तीसरी से आठवीं तक के विद्यार्थी शामिल थे। विद्यालय द्वारा संचालित संस्कार शिक्षा मुहिम के अंतर्गत यह आयोजन किया गया।

विद्यार्थियों ने गोशाला में श्रद्धा भाव से गायों की सेवा की और गुड़ व हरा चारा खिलाया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक नवीन सैनी ने कहा कि आज के डिजिटल युग में, जहां बच्चे सोशल मीडिया की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं, उन्हें जीवन के वास्तविक मूल्यों और संस्कारों से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का लक्ष्य विद्यार्थियों को संवेदनशील, जिम्मेदार और संस्कारित नागरिक बनाना है। पीआरओ राजेश शर्मा ने क्ळज्ञ कि बच्चों के लिए यह भ्रमण एक आनंददायक अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि यदि बचपन से ही संस्कारों की मजबूत नींव रखी जाए, तो आने वाला भविष्य निश्चित रूप से संवेदनशील, नैतिक और मूल्यनिष्ठ समाज का निर्माण करेगा। इस दौरान राजेश शर्मा, सपना पाण्डेय, अंजू, कुनाल व हितेश आदि शिक्षक उपस्थित थे।



रेवाड़ी। गोशाला में गायों को चारा खिलाते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### चार साल बाद चोरी के आरोपी गिरफ्तार

कुंड। थाना खोल क्षेत्र में वर्ष 2022 में हुई चोरी की वारदात में पुलिस ने दो आरोपियों को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। चोरी की वारदात के बाद पुलिस ने 29 अक्टूबर 2022 को केस दर्ज किया था। काफी प्रयास करने के बाद पुलिस चोरों तक नहीं पहुंच पाई थी। जांच के दौरान पुलिस को चोरी के इस मामले में नांगल तेजू निवासी रोशन और पलवल के घाघोट निवासी ओमबीर की भूमिका पाई। दोनों एक अन्य मामले में जेल में बंद चले आ रहे हैं। उन्हें अब कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

# पॉलीथिन फैक्ट्री में लगी आग तत्काल पहुंची फायर ब्रिगेड

- तत्परता से बड़ा हादसा टला, सुरक्षित निकाले गए कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बावल औद्योगिक एरिया के सेक्टर-9 में मंगलवार सुबह एक पॉलीथिन बनाने वाली फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। फायर ब्रिगेड के तुरंत आग पर काबू पाने से बड़ा हादसा होने से टल गया। आग लगते ही आसपास की कंपनियों में हड़कंप मच गया। सेक्टर की एक कंपनी पॉलीथिन बनाने का कार्य करती है। सुबह फैक्ट्री में पड़ी पॉलीथिन में अचानक आग लग गई। इससे कंपनी कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। कर्मचारियों ने अपने स्तर पर आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए। साथ ही फायर ब्रिगेड और पुलिस को भी सूचना दी गई। कसोला पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गए। फायर ब्रिगेड ने जल्द आग पर काबू पा लिया। इससे पूर्व फैक्ट्री के वर्करों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। पॉलीथिन की फैक्ट्री में आग की सूचना से आसपास की कंपनियों में भी हड़कंप मचा रहा। अगर आग विकराल रूप धारण करती, तो इससे आसपास की कंपनियां भी लपेटे में आ सकती थीं। आग पर काबू पाए जाने के बाद प्रबंधन ने राहत की सांस ली। बताया जा रहा है कि अगर आग पर जल्द काबू नहीं पाया जाता, तो पॉलीथिन में लगी आग विकराल रूप धारण कर सकती थी। पुलिस ने आगजनी के कारणों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।



रेवाड़ी। आगजनी के बाद मौके पर मौजूद फायर ब्रिगेड। फोटो : हरिभूमि

# योग शरीर को स्वस्थ रखने का सर्वोत्तम माध्यम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

पतंजलि योग समिति की ओर से गांव गुरावड़ा में योग शिविर का आयोजन किया गया। जिला प्रभारी दयाराम आर्य ने योग साधकों को योगाभ्यास कराया। पतंजलि योग समिति तहसील प्रभारी अनिल आर्य तथा भारत स्वाभिमान तहसील प्रभारी डा. रोहतास आर्य के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित नियमित योग कक्षा में पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी आर्य ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा को संतुलित एवं स्वस्थ रखने का सर्वोत्तम माध्यम है। उन्होंने सभी योग साधकों से आह्वान किया कि वे प्रतिदिन योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं तथा अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ने का प्रयास करें। भारत स्वाभिमान तहसील प्रभारी ने योगिंग-जॉगिंग तथा अन्य योगासनों का अभ्यास कराया। अनिल आर्य ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया तथा उसके महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर योग शिक्षक पुरुषोत्तम, भोलाराम, मनपाल, रामपाल, सुरेश कुमार, मुकेश कुमार, सत्यवीर व नानक सहित अनेक लोग मौजूद थे।



रेवाड़ी। शिविर में योगाभ्यास करते लोग। फोटो : हरिभूमि

# अच्छे संस्कार दे मां बच्चों को बनाती है महान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली रेलवे स्टेशन क्षेत्र में स्थित हैप्पी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में मदर्स-डे पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डा. रामकरण मलिक एवं बिमला मलिक ने किया। इस मौके पर बिमला मालिक ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति में मां का दर्जा भगवान से भी ऊपर माना गया है। मां ही बच्चे की पहली गुरु होती है। मां ही बच्चों को अच्छे संस्कार देकर उन्हें महान बनाने का काम करती है। इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी कविताओं और नृत्य के माध्यम से मां की महिमा का गुणगान किया। माताओं ने बच्चों के साथ विभिन्न खेलों में हिस्सा लेकर उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।




रेवाड़ी। मदर्स-डे पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद बच्चे व उनकी माताएं। फोटो : हरिभूमि

### शाम के समय बादल छाने के बाद हुई बूंदाबांदी, दो दिन तक ऐसा ही बना रहेगा मौसम

# आसमान से बरसी आग, दिन का पारा 6 डिग्री सेल्सियस चढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एक ही दिन में दिन का पारा 6.0 डिग्री तक बढ़ने से आसमान से आग बरसना शुरू हो गया है। भारी गर्मी ने जनजीवन पर एक बार फिर से असर डालना शुरू कर दिया है। मौसम में बार-बार बदलाव आ रहा है। शाम के समय अचानक बादल छाने के बाद कई इलाकों में बूंदाबांदी से लेकर हल्की बरसात तक हुई। दो दिन तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। बीते सोमवार को सुबह के समय हुई हल्की बरसात के बाद तापमान कम होकर 35.0 डिग्री सेल्सियस पर आ गया था। इससे कुछ समय के लिए लोगों को गर्मी से राहत मिली थी। मंगलवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा। तेज धूप निकलने के बाद गर्मी का असर काफी बढ़ गया। दोपहर तक गर्म हवाओं ने लोगों को जमकर परेशान किया। अधिकतम तापमान 6.0 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 41.0 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान भी 0.5 डिग्री की वृद्धि के साथ 25.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गत 2 मई के बाद पहली बार अधिकतम तापमान इस स्तर पर पहुंचा है। तापमान बढ़ते ही हवाएं लू की तरह 12 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलीं। हवा में नमी स्तर 31 प्रतिशत तक रहने के कारण उमस भी परेशान करती रही। दोपहर के समय सड़कों से लेकर बाजार तक सूने नजर आने लगे। भारी गर्मी ने शाम तक लोगों के पसीने छुड़ाने का काम किया।



रेवाड़ी। मंगलवार शाम को छाए बादल। फोटो : हरिभूमि

### बादल छाने के बाद मौसम बदला

*शाम के समय अचानक मौसम में बदलाव आ गया। आसमान में घने बादल छाने के बाद कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हुई। कुछ इलाकों में हल्की बरसात भी हुई। बारिश के बाद तापमान गिरने से एक बार फिर मौसम अनुकूल हो गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि 13 व 14 मई को मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। इस दौरान तेज हवाओं के बीच बादल छाने और बूंदाबांदी होने के आसार हैं। तापमान में इस दौरान मामूली उतार-चढ़ाव बना रहेगा। इसके बाद मौसम साफ होने की संभावना है। मौसम में बदलाव का असर बिजली की खपत पर भी देखने को मिल रहा है। दैनिक खपत बढ़कर 90 लाख यूनिट तक पहुंच गई है।*

## न्यूज डायरी



### नशीले पदार्थों की बिक्री के खिलाफ थाने पहुंचे ग्रामीण

रेवाड़ी। सूंदरोज गांव में नशीले पदार्थों की बिक्री हो रही है। ग्रामीणों के विरोध करने और पुलिस को शिकायत करने पर एक युवक व उसके परिजनों ने जमकर हंगामा किया। पुलिस के गांव पहुंचने से पहले ही नशा तस्करी का आरोपी युवक फरार हो गया। इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण एसएचओ रामपुरा से मिले। ग्रामीणों के अनुसार एक युवक गांव में नशीले पदार्थों की बिक्री का धंधा करता है। इससे गांव के युवाओं पर बुरा असर पड़ रहा है। इसकी शिकायत पुलिस को की गई। सोमवार की रात युवक और उसके परिजनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी, तो पुलिस पहुंचने से पहले ही आरोपी गांव से फरार हो गया। मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने थाने आकर एसएचओ से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।



### संस्था के कार्यों की रूपरेखा पर चर्चा

बावल। मंगलवार को माता रमाबाई सामाजिक उत्थान संस्था के पदाधिकारियों ने बावल के एसडीएम संजीव कुमार से शिष्टाचार भेंट कर बैठक की। इस अवसर पर संस्था की ओर से किए जा रहे सामाजिक कार्यों, कार्यविधि तथा भविष्य की रूपरेखा के बारे में चर्चा की गई। एसडीएम ने संस्था के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए आश्वस्त किया कि समाज हित एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यों में उनका हर संभव सहयोग मिलेगा। बैठक में संस्था प्रधान इंजीनियर बुधराम पवार, महासचिव फूल सिंह नाहरवाल, कोषाध्यक्ष नारायण सिंह तंवर, रोहतास सिंह सिंघल, विजयपाल व बहादुर सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।



### कन्या जन्म पर किया कुआं पूजन

रेवाड़ी। गांव तेलपुरी निवासी हरीश यादव के घर कन्या के जन्म पर कुआं पूजन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर महिलाओं ने मंगलगीत गाए तो बुजुर्गों ने नवजात कन्या और उसकी मां को आशीर्वाद दिया। परिवार ने सामाजिक रीति-रिवाज निभाते हुए ढोल व डीजे के साथ कुआं पूजन किया। इस मौके पर कन्या के दादा रत्न सिंह यादव व दादी सुमित्रा देवी बेटी ने कहा कि वर्तमान समय में बेटा-बेटी एक समान है। बेटियां हर क्षेत्र में बेटों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। बेटियों को सम्मान अवसर दिए जाने की जरूरत है। इस मौके पर अभय सिंह यादव, सुमेर सिंह यादव, देशराज, रामानन्द, वेद सिंह यादव, सुनील, भारत सिंह व समाजसेवी चौ. कर्मपाल कन्होरा सहित अनेक लोग मौजूद थे।



### ताइक्वांडो: पदक विजेता तीन छात्राएं सम्मानित

रेवाड़ी। सेक्टर-18 स्थित प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय की तीन छात्राओं ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। मलेशिया के कुआलालंपुर में सम्पन्न हुई 13वीं स्पीड पावर इंटरनेशनल ओपन ताइक्वांडो प्रतियोगिता में ज्योति व प्रिया ने रजत तथा प्रियंका यादव ने कांस्य पदक हासिल किया है। महाविद्यालय प्राचार्या डा. ज्योति यादव ने विजेता छात्राओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इसी का परिणाम है कि छात्राएं शिक्षा, सांस्कृतिक, खेल सभी क्षेत्रों में सफलता का परचम लहरा रही हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय रजिस्ट्रार नरेंद्र सिंह, हॉस्टल वार्डन डा. सुनीता व शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डा. विक्रम सिंह सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

### नर्सों का धैर्य, अनुशासन, विनम्रता और कर्तव्यनिष्ठा समाज के लिए अनुकरणीय

रेवाड़ी। भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला प्रभारी मुकेश कुमार ने अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर समस्त नर्सिंग स्टाफ को शुभकामनाएं देते हुए उनके अथक परिश्रम, सेवा भावना, त्याग एवं पुरुषार्थ को नमन किया। उन्होंने कहा कि नर्स केवल स्वास्थ्य सेवाओं का अभिन्न अंग ही नहीं, बल्कि मानवता, संवेदनशीलता और करुणा की जीवंत प्रतिमूर्ति हैं, जो अपने समर्पण और धैर्य से लाखों लोगों के जीवन में आशा का संचार करती हैं। उन्होंने कहा कि जब कोई व्यक्ति बीमारी, पीड़ा या मानसिक तनाव से गुजरता है, तब नर्स ही वह शक्ति बनकर सामने आती है, जो अपने मधुर व्यवहार, आत्मीय सेवा और सकारात्मक ऊर्जा से मरीज को स्वस्थ होने का विश्वास प्रदान करती है। अस्पतालों में दिन-रात निरंतर सेवाएं देना, कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखना तथा हर मरीज की देखभाल को अपना कर्तव्य समझना वास्तव में अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी जैसे कठिन दौर में नर्सों ने जिस साहस, निस्वार्थ सेवा और समर्पण का परिचय दिया, वह सदैव इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा। उन्होंने कहा कि नर्स स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं। चिकित्सकों के साथ कदम से कदम मिलाकर कार्य करते हुए वे मरीजों की देखभाल, उपचार एवं मानसिक संबल प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। नर्सों का धैर्य, अनुशासन, विनम्रता और कर्तव्यनिष्ठा समाज के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि हमें उनके योगदान का सम्मान करना चाहिए तथा समाज में उनके प्रति आदर और कृतज्ञता की भावना विकसित करनी चाहिए।

### दिल्ली-जोधपुर मंडोर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी

रेवाड़ी। रेलवे की ओर से ग्रीष्मावकाश पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए जोधपुर-दिल्ली-जोधपुर मंडोर सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलसेवा में 1 सैकेंड एसी व 1 थर्ड एसी इकोनोमी श्रेणी के डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि गाड़ी संख्या 22491/22492 जोधपुर-दिल्ली-जोधपुर मंडोर सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलसेवा में जोधपुर से 16 मई से 31 मई तक तथा दिल्ली से 17 मई से एक जून तक 1 सैकेंड एसी व 1 थर्ड एसी इकोनोमी श्रेणी के डिब्बे की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक आरोपी काबू

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता को परेशान करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला कोमल की शिकायत के बाद दोनों पक्षों के बीच बातचीत से समझौता कराने के प्रयास किए थे। समझौता नहीं होने के बाद पुलिस ने ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ 21 जनवरी को दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के प्रतापपुर निवासी मनीष कुमार को गिरफ्तार कर लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### समारोह स्थल में मिला एक व्यक्ति का शव

**रेवाड़ी।** मंगलवार सुबह बेरली रोड पर एक समारोह स्थल में लगभग 55 वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने के प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में शव को पहचान के लिए मोर्चरी में रखवा दिया गया। रामपुरा थाना पुलिस को सूचना मिली कि एक समारोह स्थल के अंदर शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। पुलिस के अनुसार शव तीन-चार दिन पुराना है, जो डिस्पोज होना शुरू हो गया था। पुलिस ने आसपास के एरिया में सूचना देकर मृतक की शिनाख्त कराने के प्रयास किए, लेकिन पहचान नहीं हो सकती।

*नगर परिषद और धारूहेड़ा नपा चुनावों के परिणाम होंगे घोषित, दोनों में भाजपा-कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की साख दांव पर*

# निकाय चुनाव: किस-किस के सिर सजेगा जीत, फैसला आज

**निकाय में चेयरमैन पद के लिए 6-6 प्रत्याशी मैदान में उतरे थे दोनों निकाय के 50 वार्डों से 217 प्रत्याशी मैदान में रहे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

गत 10 मई को हुए नगर परिषद और धारूहेड़ा नगर पालिका के चुनाव 13 मई को मतगणना के साथ ही हार-जीत के कयासों पर विराम लगा देंगे। दोनों निकायों में भाजपा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की प्रतिष्ठा दाव पर है। प्रत्याशी दो दिन तक समर्थकों के साथ बैठकर हार-जीत के समीकरण लगा चुके हैं। अब मतदाताओं का फैसला चंद घंटे के बाद उनके सामने होगा। दोनों निकाय में कुल मतदाताओं की संख्या 140333 है। इनमें से 92870 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया था। नगर परिषद चुनाव के लिए 75090 और नगर पालिका के लिए 17880 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया था। दोनों निकाय में पिछले चुनावों की तुलना में वोट प्रतिशत कम रहा, जिसे लेकर दोनों दल माहौल अपने-अपने पक्ष में होने का दावा कर रहे हैं। धारूहेड़ा में मुकाबला आर-पार का होने की बजाय बहूकोणीय माना जा रहा है। दोनों निकाय में चेयरमैन पद के लिए 6-6 प्रत्याशी मैदान में उतरे थे। दोनों निकाय के 50 वार्डों से 217 प्रत्याशी मैदान में रहे। भाजपा ने शहर के सभी 32 वार्डों में सिंबल पर प्रत्याशी उतारे थे, जबकि कांग्रेस ने चुनिंदा वार्डों में ही प्रत्याशियों को हाथ के निशान पर चुनाव लड़वाया था। मतगणना करते समय पहले वार्ड पार्षदों की वोटों की काउंटिंग होगी। इसके बाद चेयरमैन प्रत्याशियों के वोट काउंट किए जाएंगे। नगर परिषद की पूर्व चेयरमैन शकुंतला भांडोरिया ने मतदान से दो दिन पहले चुनाव मैदान से कांग्रेस प्रत्याशी नेहारिका के पक्ष में हटने का निर्णय लिया था।


भांडोरिया के मैदान से हटने के बावजूद कांग्रेस 'बड़ा करिश्मा' करती हुई नजर नहीं आई थी। इन चुनावों में दोनों प्रमुख दलों के प्रमुख नेताओं की प्रतिष्ठा और शहर में पकड़ का आकलन होगा, जिस पर राजनीति विश्लेषकों की निगाहें टिकी हुई हैं।



रेवाड़ी। सेक्टर-18 गर्ल्स कॉलेज में बनाया गया मतगणना कक्ष। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। सेक्टर-18 गर्ल्स कॉलेज में स्ट्रांग रूम के बाहर तैनात जवान।


राव इन्द्रजीत सिंह


कैप्टन अजय सिंह


विनीता पीपल


नेहारिका


अजय जांगड़ा


राज देवी

### चौदह टेबल पर शहर की मतगणना

*मतगणना शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए चुनाव आयोग की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। शहर की मतगणना के लिए 14 टेबल और धारूहेड़ा के लिए 4 टेबलों पर मतगणना होगी। दोनों निकाय की मतगणना के सात-सात राउंड होंगे। सुबह 10 बजे के बाद रुझान आने शुरू हो जाएंगे। मतदान के बाद स्ट्रांग रूम में रखी गई ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था काफी कड़ी की गई थी। गड़बड़ी की आशंका से कांग्रेस के कई समर्थक ईवीएम रखने के बाद से ही स्ट्रांग रूम के आसपास डेरा डाले हुए थे। उन्हें ईवीएम में गड़बड़ी की आशंका सता रही थी।*

### राव की प्रतिष्ठा सबसे अधिक दाव पर

इन चुनावों में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने टिकट वितरण के समय खुला हस्तक्षेप करते हुए शहर में विनीता पीपल और धारूहेड़ा में अजय जांगड़ा को चेयरमैन पद के लिए टिकट दिलाई थी। टिकट फाइनल होने से जमकर घमासान हुआ था। पार्टी के कुछ नेता विशेष रूप से रेवाड़ी में संगठन से जुड़े कार्यकर्ता को टिकट दिलाने पर अड़े हुए थे, लेकिन राव के सामने उनकी एक नहीं चल पाई थी। इसके साथ ही यह चुनाव राव की प्रतिष्ठा से जुड़ गए। राव ने विनीता पीपल को जीत दिलाने के लिए चुनाव प्रबंधन की कमान सुनील मुसेपुर को सौंपी थी।

### कांग्रेस में अजय रहे टीम के 'कैप्टन'

नप चेयरमैन की टिकट को लेकर कांग्रेस में भी घमासान कम नहीं हुआ था। प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने टिकट का फैसला पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव पर छोड़ा था। कैप्टन ने नेहारिका को चेयरमैन पद की टिकट दिलाई थी, जिसके बाद पार्टी के अन्य दावेदारों में रोष देखने को मिला था। भांडोरिया ने टिकट नहीं मिलने के बाद निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में ताल ठोक दी थी। बाद में कैप्टन उन्हें मनाने में कामयाब हो गए। धारूहेड़ा में भी कैप्टन की मर्जी से राज को टिकट दी गई, जिस कारण उनकी प्रतिष्ठा का आकलन भी यह चुनाव तय करेंगे।



रेवाड़ी। डाइट हुसैनपुर में आयोजित कार्यशाला में भाग लेने वाले स्कूलों के प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक मूल्य समझाने के लिए युवा संसद जरूरी

**रेवाड़ी।** मंगलवार को डाइट हुसैनपुर में एससीईआरटी गुरुग्राम के तत्वावधान में जिले के विभिन्न विद्यालयों में प्रस्तावित युवा संसद कार्यक्रम पर केंद्रित कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य वक्ता साहित्यकार एवं प्राचार्य सत्यवीर नाहड़यि ने कहा कि युवा संसद कार्यक्रम हर विद्यालय में आयोजित किया जाना चाहिए, ताकि विद्यार्थी संसदीय मूल्यों के सजग प्रहरी बनकर लोकतांत्रिक मूल्य को समझ सकें। डाइट प्राचार्य प्रदीप कुमार दहिया की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में डाइट के प्राध्यापक हरीश कुमार ने मास्टर ट्रेनर तथा वरिष्ठ प्राध्यापिका डा. सरोज यादव ने नोडल अधिकारी के रूप में शिरकत की। कार्यशाला में जिले के पांचों खंडों के संबंधित स्कूलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस मौके पर डाइट प्राचार्य दहिया ने युवा संसद के आयोजन के उद्देश्यों को रेखांकित किया, वहीं नोडल अधिकारी डा. यादव ने एक आदर्श युवा संसद के महत्व पर प्रकाश डाला। मास्टर ट्रेनर हरीश कुमार ने युवा संसद की नियमावली, पटकथा की बानगी, प्रक्रिया तथा निर्णायक पक्ष की जानकारी दी। मुख्य वक्ता नाहड़यि ने उनके द्वारा पूर्व में निर्देशित तथा राज्यस्तर पर विजेता रही बोड़यि कमालपुर, खोरी, बावल तथा सीहा की युवा संसदों से जुड़े प्रेरक प्रसंग, रोचक संस्मरण तथा व्यावहारिक पक्ष प्रारूप में समझाए। इस अवसर पर सभागार को युवा संसद का रूप देकर सभी प्रतिभागियों ने सत्तापक्ष, प्रतिपक्ष, अधिकारीगण, विदेशी मेहमान, राष्ट्रपति के मेहमान, मार्शल, अध्यक्ष, महासचिव तथा अन्य भूमिकाएं निभाकर कार्यशाला को जीवंत कर दिया। कार्यशाला में विभिन्न खंडों से आसियाकी गोरावास, कंवाली, जाटूसाना, करावरा मानकपुर, मोतला कलां, नाहड़, लुखी, जुड्डी, बव्वा, गुड़यिानी, भाड़ावास, नंगलीगोधा, बूड़पुर, जाड़रा, निखरी, नांगल जमालपुर, भालखी, मंदोला, मूंदी, मायण, बालावास जाट, बावल, सुलखा, बनीपुर व राजगढ़ स्कूलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। वरिष्ठ प्राध्यापक डा. बीर सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डाइट हुसैनपुर की ओर से प्राध्यापक दीपक कुमार, धर्मेंद्र, डा. जगदीश प्रसाद, डा. निरेन पाल व सुदेश कुमारी ने सहयोग दिया।

## सफाई कर्मचारियों का मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। धारूहेड़ा



धारूहेड़ा में नगर पालिका कर्मचारियों ने मंगलवार को अपनी लंबित मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों ने कहा कि वर्षों से सेवा देने के बावजूद उन्हें न तो पक्का किया जा रहा है और न ही उनकी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। कर्मचारियों ने कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, रिक्त पदों पर भर्ती करने, एक्स ग्रेसिया पॉलिसी लागू करने और ठेका प्रथा को बंद करने की मांग की। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि यदि सरकार ने जल्द उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन का और जेत किया जाएगा। धरने में बड़ी संख्या में महिला कर्मचारियों ने भी भाग लिया और एकजुटता दिखाते हुए सरकार से न्याय की मांग की। इस मौके पर उप प्रधान रणजीत, सचिव सुनील कुमार, कोषाध्यक्ष हरिकिशन, प्रेस सचिव राहुल अजय, तेज सिंह, महिला प्रधान इंदू, ममता, सुशीला, शकुंतला, शर्मिला, रीना, कौशल्या व राजबीर सहित अनेक कर्मचारी मौजूद थे।

## विनम्रता में ही सभी को अपना बना लेने का मूल मंत्र छिपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी



वीर भगतसिंह युवा दल के तत्वावधान में मंगलवार को विश्वकर्मा सीनीयर सैकेंड्री स्कूल में मधुर व्यवहार लाए जीवन में खुशियों की बहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान के सचिव धीरज शर्मा जांगड़ा के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में युवा दल के प्रधान दिनेश कपूर ने कहा कि विनम्र व्यवहार से आप सभी को अपना बना सकते है। विनम्रता में ही सभी को अपना बना लेने का मूल मंत्र छिपा है। धीरज शर्मा, युवा दल के संरक्षक अरुण गुप्ता व उपप्रधान परवीन ठाकुर ने कहा कि आजकल हम देखते हैं, छोटी-छोटी बातों पर बड़े विवाद खड़े हो जाते हैं। लोग कई बार एक-दूसरे को मार देते हैं। कई बार गुस्से में आत्महत्या जैसा जघन्य अपराध कर डालते हैं। यदि अपने व्यवहार को विनम्र रखें तो ऐसी स्थिति से बचा जा सकता है। प्राचार्या मंजु यादव ने अतिथियों का स्वागत किया। संस्था की ओर से स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को उपयोगी साहित्य भेंट किए। कार्यक्रम में डा. देवेन्द्र कुमार, अमित कुमार, होशियार सिंह, जितेन्द्र कुमार व छाया चराया सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## बास्केटबॉल प्रतियोगिता के ब्वायज वर्ग में मानेकशॉ व गर्ल्स में रेजांगला सदन बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

गांव गोठड़ा अहीर स्थित सैनिक स्कूल में अंतरसदनीय बास्केटबॉल मैच प्रतियोगिता का आयोजन िया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के छह सदन सुब्रतो, अर्जन, मानेकशॉ, कटारी, करियप्पा, परेरा बालक वर्ग तथा कारगिल व रेजांगला सदन बालिका वर्ग ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मानेकशॉ सदन व करियप्पा सदन फाइनल में पहुंचे। कांटे के मुकाबले में मानेकशॉ सदन ने करिअप्पा सदन को 25-23 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया, वहीं बालिका वर्ग में रेजांगला सदन ने कारगिल सदन को हराया। प्रतियोगिता में विद्यालय के वरिष्ठ सदनों को दो पूलों में विभाजित कर लीग आधार पर मैच कराए गए, जिसमें से प्रत्येक पूल की दो शीर्ष टीमों के बीच सेमीफाइनल मैच खेले गए। इस अवसर पर विद्यालय कार्यवाहक प्राचार्य एवं प्रशासनिक अधिकारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। विद्यालय की उप प्राचार्या व वरिष्ठ अध्यापक भी मौजूद थे। फाइनल मैच आयोजन रेफरी व निर्णायक एपीटीसी हवलदार रमन थापा के नेतृत्व व नचिता पीटीआई के सहयोग से हुआ। बालक वर्ग में बारहवीं कक्षा के कैडेट प्रेरित कटारी सदन, वहीं बालिका वर्ग में कैडेट पारुल को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। कैडेट कवि मैचों के कैडेट आयोजक थे। कैडेट आलोक, कैडेट अक्षित व कैडेट जश्नदीप कौर ने उद्घोषक की भूमिका निभाई। इसके साथ ही स्टाफ व कैडेट्स के मध्य मैत्री मैच भी खेल गया, जिसमें कैडेट्स की टीम विजेता रही। मुख्यातिथि ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, पदक व प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यवाहक प्राचार्य ने खिलाड़ियों के आत्मविश्वास और अनुशासन की प्रशंसा करते हुए कैडेट्स को शारीरिक, मानसिक और सामूहिक रूप से मजबूत होने की प्रेरणा दी। खेलों के माध्यम से ही छात्रों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है और उनमें संघर्ष व जीत की भावना जन्म लेती है। प्रतियोगिताओं से छात्रों में टीमवर्क की भावना का विकास होता है। उन्होंने प्रतियोगिता केआयोजित के लिए प्रभारी गौरव उपाध्याय, छात्र प्रभारी कैडेट, सदनों के सदनाध्यक्ष, एपीटीसी-पीटीआई स्टॉफ, एनसीसी स्टॉफ, कोच व सभी अकादमिक व प्रशासनिक कर्मियों का उत्साहवर्धन किया।





रेवाड़ी। बास्केटबॉल प्रतियोगिता में खेलते हुए खिलाड़ी तथा विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करते हुए स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

**रोष** हड़ताल को कमजोर करने वाले लोगों को नहीं किया जाएगा बर्दाश्त

## कचरा उठाने पर हड़ताली कर्मचारियों का फूटा गुस्सा, ट्रैक्टर से वापस सड़क पर डाली गंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बावल



रेवाड़ी। बावल के छोटूराम चौक पर ट्रैक्टर का कचरा खाली करते सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

बावल नगरपालिका में नगरपालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर सफाई कर्मियों की हड़ताल मंगलवार बारहवें दिन भी जारी रही। कर्मचारियों की हड़ताल के कारण कस्बे में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए है, जिससे सफाई व्यवस्था बिगड़ने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। मंगलवार को डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का ठेका लेने वाले ठेकेदार की ओर से बाजार से कचरे का उठान करने पर हड़ताली कर्मचारियों का गुस्सा फूट पड़ा और सफाई कर्मचारियों ने कस्बे के छोटूराम चौक पर ट्रैक्टर का कचरा वापस खाली करके विरोध जताया। इस मौके पर कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। कर्मचारियों ने कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होती तब तक न तो वे स्वयं सफाई करेंगे और नहीं किसी को कचरे का उठान करने देंगे। कर्मचारियों ने कहा कि हड़ताल को कमजोर करने वाले लोगों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंगलवार को हड़ताली कर्मचारियों ने ट्रैक्टर में भरा गया कचरा वापस छोटूराम चौक पर डाल दिया, जिससे बाजार में अफरा-तफरी मच गई। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का ठेका लेने वाली एजेंसी के कारिंदे कचरे का उठान करके ले जा रहे थे, जिससे सफाई कर्मचारियों में रोष पनप गया और उन्होंने ट्रैक्टर में भरा गया कचरा वापस सड़क पर खाली कर दिया। उन्होंने बजार में सफाई कर रहे ठेकेदार के कर्मचारियों को विरोध भी किया। हड़ताली कर्मचारियों ने कहा कि ठेकेदार डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का ही काम करें। सफाई का कार्य करके हड़ताल को कमजोर न करें। मंगलवार को धरने की अध्यक्षता अशोक कुमार ने की। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से धरना व प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी मांगे मानने को तैयार नहीं है। उन्होंने कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, वेतन 30 हजार मासिक करने और गुरुग्राम में निकाले गए 3480 कर्मचारियों की बहाली की मांग की। उन्होंने कहा कि सभी मांगे कर्मचारियों के हित की हैं। उन्होंने कहा कि सरकार कर्मचारियों की मृत्यु और सेवानिवृत्ति पर दस लाख रुपए दे।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर बबीता, शीला, किरण, विजय कुमार, रिंकू, संदीप, योगेश, जवाहर सिंह, सुमन, कमलेश व रोहताश सहित अनेक कर्मचारी मौजूद थे।

## फिदेड़ी के पास पेड़ से टकराई कार, युवक गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी



रेवाड़ी। घटना स्थल पर क्षतिग्रस्त कार।

फिदेड़ी के पास तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराने के कारण उसमें सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया, जहां से डॉक्टरों ने हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद कार चालक की तलाश शुरू कर दी। तबियत खराब होने के कारण फिदेड़ी निवासी साहिल अपने घर पर आराम कर रहा था। इसी दौरान उसका दोस्त राहुल मिलने के लिए उसके घर पहुंच गया। राहुल साहिल को साथ लेकर रेवाड़ी के लिए कार से निकला था। गांव के बाहर पहुंचते ही तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में राहुल तो बच गया, लेकिन बगल में बैठा साहिल गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे कार से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। गंभीर चोटें होने के कारण डॉक्टरों ने उसे रेफर दिया। परिजन साहिल को गुरूग्राम के एक अस्पताल ले गए, जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने साहिल की मां के बयान पर कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### सड़क हादसों के आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। कसोला थाना पुलिस ने गत 25 मार्च को हुए हादसे के बाद केस दर्ज किया था। हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने घायल के बयान केस दर्ज करने के बाद बावल के जटवाड़ा मोहल्ला निवासी मंजीत को गिरफ्तार कर लिया। रामपुरा थाना पुलिस ने 27 मार्च को दर्ज किए गए केस में महेंद्रगढ़ के भोजावास निवासी सुरेश को गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।